**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.11.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00 बजे**

**मुख्य न्यायाधीश**

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने देश के नये मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। वर्ष 1962 में हरियाणा के हिसार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया है। मई 2019 में उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।

---

**दिशा बैठक**

सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिये हैं। शिमला में आज ज़िला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुये उन्होंने विकास योजनाओं की प्रगति का जायज़ा लिया। सुरेश कश्यप ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की गैर हाज़िरी पर नाराज़ती जताई और उपायुक्त शिमला को उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश के लिये लगभग दो हज़ार दो सौ करोड़ रूपए मंजूर हुए हैं लेकिन पहले और दूसरी चरण की सड़कें भी अभी तक नहीं बनी हैं।

सुरेश कश्यप ने राज्य सरकार पर पंचायत चुनावों से भागने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डिजास्टर एक्ट का बहाना बना रही है।

---

**कृषि विज्ञान सम्मेलन**

केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार किसानों के हित में एकीकृत खेती पर ध्यान केंद्रित कर रही है। नई दिल्ली में आज छठे अंतर्राष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों के लिए एकीकृत खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कृषि मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों से अगले पांच वर्षों के लिए एकीकृत खेती से संबंधित योजना बनाने का आग्रह किया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश की 46 प्रतिशत आबादी अभी भी खेती पर निर्भर है और फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए

कृषि में अनुसंधान और आंकड़ों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। तीन दिन के इस कार्यक्रम का विषय है– ''स्मार्ट कृषि–खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए कृषि विज्ञान की पुनर्कल्पना''।

..................................................................

**पी.एम सूर्य**

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिमला जिले की 10 पंचायतों का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जायेगा। पेश है एक रिपोर्ट–––

*सरकार की सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का शिमला जिला के लोग भी भरपूर फायदा उठा रहे हैं जिला में **10** पंचायत को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जा रहा है पहले चार गांव का चयन किया गया था लेकिन इनमें से दो गांव नगर पंचायत के अधीन होने के चलते केंद्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार अयोग्य पाए गए ऐसे में अब आठ नए राजस्व गांव को इस योजना के तहत योग्य बनाया गया है इन गांव की पूरी पंचायत को इसमें सम्मिलित किया जाएगा जिला में अभी तक **76** सोलर रूफ टॉप लग चुके हैं इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना है योजना के तहत **2** किलोवाट तक की सौ इकाइयों की लागत पर **60** फ़ीसदी और **2** किलो वाट से **3** किलो वाट तक की अतिरिक्त क्षमता पर **40%** सब्सिडी दी जाती है ।*

*आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा........*

..................................................................